मॉकड्रिल में हर विभाग मुस्तैदी से निभाए जिम्मेदारी : संभागीय आयुक्त

- सायरन बजने के साथ होगा ब्लैक आउट, 15 मिनट लाइट्स बंद रखने की अपील
- आपातकालीन हालात से निपटने की तैयारियों को परखेंगे

उदयपुर में मॉक ड्रिल को लेकर मुख्य सचिव सुधांश पंत ने वीडियो कांफ्रेन्स के माध्यम से बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उदयपुर, (कासं)। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर देश भर में आपातकालीन हालातों से निपटने के लिए सिविल डिफेन्स मॉक ड्रिल चलाई जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को उदयपुर सहित प्रदेश भर में प्रस्तावित मॉक ड्रिल को लेकर मुख्य सचिव सुधांश पंत ने वीडियो कांफ्रेन्स के माध्यम से बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उदयपुर में संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, पुलिस महानिरीक्षक राजेश मीणा, जिला कलक्टर नमित मेहता, पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल सहित प्रशासन और पुलिस के सभी आला अधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

वीसी में मुख्य सचिव पंत एवं सैन्य अधिकारियों ने मॉक ड्रिल के दौरान विभिन्न विभागों की ओर से की जाने वाली गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए सभी को मुस्तैदी से कार्य करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव की वीसी के बाद संभागीय आयुक्त, आईजी, जिला कलक्टर व एसपी ने अधिकारियों की बैठक ली। इसमें मॉक ड्रिल के दौरान आवश्यक प्रबंध, विभिन्न विभागों की भूमिका आदि पर विस्तृत चर्चा की। जिला कलक्टर श्री मेहता ने बताया कि मॉक ड्रिल के दौरान हवाई हमले की स्थिति में चेतावनी प्रणाली, बचाव और राहत गतिविधियों का पूर्वाभ्यास किया जाएगा। इसमें सिविल डिफेंस और अग्निशमन विभाग, होम गार्ड एवं एसडीआरएफ की ओर से सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन, प्रभावित क्षेत्रों के नागरिकों को त्वरित उपचार उपलब्ध कराने के लिए स्थापित अस्थायी अस्पतालों तक पहुंचाने आदि का पूर्वाभ्यास किया जाएगा। जिला कलक्टर ने इन गतिविधियों से जुड़े विभागोंको आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही शिक्षा विभाग, कॉलेज शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, नेहरू युवा केंद्र को एनसीसी, एनएसएस, स्काउट आदि के सहयोग से जन जागरूकता अभियान चलाने, नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश दिए। पूर्वाभ्यास के तहत ही रात्रि में सायरन बजने के साथ ब्लैक आउट का भी अभ्यास किया जाएगा। इसमें आमजन से 15 मिनट के लिए बिजली बंद रखने की अपील की गई है। इस दौरान पुलिस विभाग को कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक एहतियातन कदम उठाने, बीएसएनएल को सायरन और हॉटलाइन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चिकित्सा विभाग को समस्त मेडिकल छात्रों को संबंधित अस्पतालों में उपस्थित रहने के लिए पाबंद करने के भी निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त सुश्री केवलरमानी ने सभी विभागीय अधिकारियों को संबंधित तैयारियां पूर्ण रखने तथा पूर्ण गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। मॉक ड्रिल को लेकर जिला कलक्टर नमित मेहता ने आमजन से अपील की। उन्होंने कहा कि बुधवार को एक नियोजित ब्लैक आउट मॉकड्रिल है, जिसका उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों में प्रशासनिक तथा आपदा राहत एवं बचाव की तैयारियों को परखना है। इसमें आमजन को किसी भी प्रकार से घबराने या असहज होने की आवश्यकता नहीं है। मॉक ड्रिल के दौरान सायरन बजने के साथ ही सभी नागरिक 15 मिनट के लिए अपने घरों, दुकानों, संस्थानों आदि की सभी लाइटस् बंद कर दें। इंवर्टर, सोलर लाइट, जनरेटर आदि वैकल्पिक विद्युत स्त्रोत भी बंद कर अभ्यास में सहयोग करें। आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था पर ब्लैक आउट लागू नहीं होगा। जिला कलक्टर ने आमजन से अफवाह से बचने व निर्देशों का शांतिपूर्वक पालन करने की अपील की है।

झाड़ोल जेल को बनाया डिटेंशन सेंटर

उदयपुर, (कासं) ।जिले के झाडोल उप कारागृह को अब डिटेंशन सेंटर बना दिया गया है। वहां पर अवैध प्रवासियों को अस्थायी रूप से रखा जाएगा। इस सेंटर में उदयपुर संभाग के आने वाले जिलों में पकडे जाने वाले प्रवासियों को रखा जाएगा।

उदयपर के आआईजी राजेश मीणा के अनुसार झाड़ोल उप कारागृह में 47 कैदी थे, जिनको जेल विभाग ने दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया है। अब उस परिसर को डिटेंशन सेंटर बना दिया गया है। इस सेंटर पर उदयपुर संभाग के जिलों के अधीन क्षेत्रों में पकडे जाने वाले अवैध अप्रवासियों या विदेशी नागरिकों को अस्थायी रूप से रखा जा सकेगा जो देश में अवैध रूप से रह रहे होते है।

आईजी राजेश मीणा ने बताया कि पिछले दिनों सलूंबर जिले में पुलिस ने पकडे 27 बांग्लादेशियों को भी अब इसी सेंटर पर शिफ्ट किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यहां रखने के बाद जैसे ही गृह मंत्रालय से प्रक्रिया पूरी हो जाएगी और आगे से उनको बांग्लादेश भेजने का शेड्यूल आते ही हमारी तरफ से टीम इनको तय गाइडलाइन के अनुसार लेकर पश्चिमी बंगाल लेकर जाएगी और बीएसएफ को सुपुर्द करेगी और उसके बाद वहां से उनको बांग्लादेश भेजा जाएगा।उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों सलूंबर पुलिस ने अवैध बांग्लादेशी रोहिंग्या नागरिकों की पहचान कर 27 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को डिटेन किया था।

सम्पर्क पार्टल पर लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की

बांसवाड़ा, (निसं)। जिला कलक्टर डॉ इन्द्रजीत यादव ने सम्पर्क पार्टल पर 50 दिन से अधिक लम्बित प्रकरणों पर संबंधित अधिकारी को नोटिस देने और सीएमओ पार्टल पर दर्ज प्रकरणों को आज ही निस्तारण कर रिपोर्ट ऑन लाईन दर्ज करवाने के निर्देष मंगलवार को साप्ताहिक बैठक में अधिकारियों को दिये। बैठक में सम्पर्क पार्टल पर 30 दिन से अधिक लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की और कहा की काम करें कहानिया न बनाएं।

उन्होंने उपखण्ड अधिकारियों व विकास अधिकारियों को सख्त निर्देष दिये कि वे अपने अधीनस्थ अधिकारियों व कार्मिको को पाबन्द करते हुए फिल्ड में जाए और आंधी तुफान में हुए नुकसान की वस्तुस्थित की रिर्पाट भिजवाएं और जहां कही बिजली संबंधी समस्या है उसका मौके पर रहकर निस्तारण करवाएं इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नही बरते। बैठक में नई फ्लैगशिप योजनाएं संबंधी कार्य में कम प्रगति पर फटकार लगाई और कहा कि उच्चस्तर पर इसकी मॉनेटरिंग की जा रही इसे प्राथमिकता के साथ करने के निर्देष दिये। उन्होंने साफ कहा कि पालनहार पेन्षन के सर्वे कार्य में ढिलाई बर्दाष्त नही की जाएगी। जिला कलक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यस्थाओं को लेकर समस्त विकास अधिकारियों को निर्देष दिये की वे इस कार्य को नियमित प्राथमिकता के साथ करवाएं और इसमें कौताही करने वाले कार्मिक को तत्काल हटाए। कलक्टर ने बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिये। बैठक में ओआईसी आरपीजी समस्त अधिकारी जिला जनसुनवाई, पीएचईडी, जेजेएम-लंबित बिजली कनेक्शन, एवीवीएनएल विद्युत आपूर्ति, स्कूलों और आबादी क्षेत्रों में उच्च जोखिम वाले विद्युत बिंदुओं की पहचान और सुधार पहचान किए गए बनाम सुधारे गए बिंदुओं की संख्या सीएमएचओ ई-केवाईसी, डीएसओ लंबित एनएफएसए आवेदन, ओआईसी रिलीफ सहायता के लंबित प्रकरण एवं ओआईसी डेवलेपमेंट नई फ्लैगशिप योजनाएं आदि बिन्दुओं की समीक्षा की और अब तक की प्रगति की जानकारी ली।

हाई कोर्ट बेंच की मांग, धरना प्रदर्शन आज

उदयपुर, (कासं)। मेवाड बगड हाई कोर्ट बेंच संघर्ष समिति, बार एसोसिएशन उदयपुर एवं जिला संघर्ष समिति के संयुक्त तत्वावधान में उदयपुर में हाई कोर्ट बेंच की मांग को लेकर बुधवार सुबह जिला न्यायालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया जाएगा तथा न्यायालय परिसर में रैली निकली जाएगी।बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रभान सिंह शक्तावत ने बताया कि आंदोलन को स्वरूप देने के लिए मंगलवार को बार सभागार में मेवाड बगड हाई कोर्ट बेंच संघर्ष समिति के संयोजक एडवोकेट रमेश नंदवाना की मौजूदगी में रणनीति तय की गई तथा आगामी आंदोलन की रूपरेखा तय की गई।बैठक में उदयपुर संभाग के जिलों में किए जाने वाले आंदोलन की रूपरेखा तय करने के लिए प्रभारी अधिवक्ता नियुक्त किए गए एडवोकेट रामकृपा शर्मा को बांसवाडा जिला,राकेश मोगरा को प्रतापगढ जिला, हेमंत शर्मा को चित्तौड जिला,एडवोकेट हरीश पालीवाल को डूंगरपुर जिला,भरत वैष्णव को उदयपुर जिला के साथ सलूंबर और मनीष शर्मा को भीलवाडा जिला एवं महासचिव महावीर शर्मा को राजसमंद जिले की जिम्मेदारी दी गई है।

सामूहिक विवाह सम्मेलन में 21 जोड़े बने हमसफर



बामणिया बंजारा समाज सेवा संस्थान द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित हुआ।

कपासन, (निसं)। कपासन में बामणिया बंजारा समाज सेवा संस्थान द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में मेवाड़, मालवा और उपरमाल क्षेत्र के 21 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। इस अवसर पर तुलसी और श्री शालिग्राम जी का विवाह भी संपन्न हुआ।

सज्जन वाटिका से निकली शोभायात्रा में सभी दूल्हे घोड़ों पर और दुल्हनें बग्गियों में सवार थीं। ठाकुर जी को रथ में विराजमान किया गया। यात्रा श्री सांवलिया चौराहा और पांच बत्ती चौराहे से होते हुए एसएआर वाटिका पहुंची। नगर पालिका अध्यक्ष मंजुदेवी सोनी ने ठाकुर जी की अगवानी की। पंडित किशन खंडेलवाल और उनके दल ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह की रस्में संपन्न कराईं। विशेष बात यह रही कि गुजरात न्यायालय में लोक अभियोजक करिश्मा और रेलवे टीटी मंदसौर के शैलेन्द्र सिंह ने भी इस सामूहिक विवाह में शादी की।संस्थान ने सभी जोड़ों को सोने की नथ, कान की बालियां, चांदी की पायल और बिछुड़िया सहित पांच आभूषण दिए। साथ ही एलईडी, फ्रिज, कूलर और 135 घरेलू बर्तन भी भेंट किए। कार्यक्रम में करीब सात हजार समाजजन शामिल हुए। बारिश के बावजूद आयोजन समिति ने वैकल्पिक व्यवस्था कर कार्यक्रम को सफल बनाया।इस अवसर पर समाज के संस्थान के अध्यक्ष देवीलाल, उपाध्यक्ष बद्रीलाल, सचिव कलेश, कोषाध्यक्ष दिनेश बैंस, संगठन मंत्री रामलाल कछावा आदि का सहयोग रहा। साथ ही बमणिया बंजारा समाज द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन, प्रतिकूल मौसम के कारण दशहरा मैदान से स्थान परिवर्तन कर वाटिका में सफ़लतापूर्वक आयोजित किया गया। जहां परिवार द्वारा सभी वर वधूओं का स्वागत किया गया।

तोड़फोड़ करने का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। जमीन पर हिस्से की मांग को लेकर तीन बहनो और दामाद आए दिन जमीन पर हंगामा करने और तोडफोड करने का मामला दर्ज हुआ है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार देवीलाल पुत्र स्व. चैनाराम पालीवाल निवासी नोहरा लखावली बडगांव ने कैलाश पत्नी दिनेश पालीवाल निवासी टीचर्स कालोनी अम्बामाता, इसके पति दिनेश पालीवाल प्रेम कुमारी पालीवाल पत्नी ओमप्रकाश पालीवाल निवासी बांस वाली गली सुंदरवास, इसके पति ओम प्रकाश पालीवाल, अम्बापालीवाल पत्नी चन्द्र प्रकाश पालीवाल निवासी तितरडी, इसके पति चन्द्र प्रकाश पालीवाल के खिलाफ रिपोर्ट दी कि प्रार्थी के पिता चैनराम पालीवाल के द्वारा खरीदी गई कृषि भूमि को प्रार्थी व उसके दोनों भाई दुर्गाशंकर पालीवाल व सुनिल पालीवाल को 1 अगस्त 2018 को गिफ्ट डीड के सौंप दी थी। इस भूमि पर प्रार्थी के स्व. पिता ने जब से जमीन खरीदी तब से ही तीनों भाईयों का अधिकार है। दिनेश पालीवाल और ओम प्रकाश पालीवाल और चन्द्र प्रकाश पालीवाल ने प्रार्थी की बहनों कैलाष पालीवाल, प्रेम पालीवाल तथा अम्बा पालीवाल को प्रार्थी और उसके भाईयों के खिलाफ उकसाया कि पिताजी की जमीन वर्तमान में बहुत कीमती हो गई हैं और इस जमीन में अपन भी हिस्सा लेंगे, जबकि प्रार्थी की तीनों बहनों के साथ ही पूरे परिवार को यह जानकारी थी कि प्रार्थी के पिताजी ने अपने जीवन काल में ही इस जमीन अपने तीनों पुत्रों को गिफ्ट डीड के सुपुर्द कर दी थी।

प्रार्थी की तीनों बहनें कैलाश, अम्बा व प्रेम व उनके पति दिनेश पालीवाल, चन्द्रप्रकाश व ओमप्रकाश पालीवाल मेरे गांव लखावली पर आए दिन आते रहते है और गाली-गलौच करते है और सभी आरोपी मिलकर प्रार्थी के घर पर पत्थर फैंकते है।

पत्नी पर हमला करने वाला पति गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। जिले की झाडोल थाना पुलिस ने शराब के नशे में अपने ससुराल जाकर पत्नी पर जानलेवा हमला करने में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी फैलीराम ने बताया कि 13 अप्रैल को प्रेमी बाई पत्नी प्रभुलाल निवासी कोचला फला लखु बरा झाडोल ने मामला दर्ज करवाया कि 12 अप्रैल को रात्री करीब 12 बजे वह, उसकी माता चतरी बाई व बहन ममता सभी घर पर थे। तभी उसका पति प्रभुलाल पुत्र वरदा शराब के नशे में झगडा करते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे उसके नाक, हाथ व सिर पर गंभीर चोटे आई है। उसे जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला किया है।

हंगामे के बाद पति को किया गिरफ्तार

भीण्डर, (निसं)। भीण्डर के निकटवर्ती डोरकुंआ गांव में गत 3 मई को पति के प्रेम संबंध से परेषान होकर विवाहिता के आत्महत्या के मामले में मंगलवार को भीण्डर पुलिस थाने के बाहर करणी सेना व परिजनों द्वारा हंगामा करने पर पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर दिया। लेकिन विवाहिता के परिजन सास-ससुर व ननद को भी गिरफ्तार करने की मांग पर अड़े रहे, जिस पर पुलिस ने जांच करके 7 दिन के अंदर नियमानुसार कार्यवाही का आष्वासन देकर हंगामा षांत करवाया।

श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के युवा जिलाध्यक्ष अर्जुनसिंह चुंडावत के आव्हान पर मंगलवार सुबह 11 बजे भीण्डर पुलिस थाने के बाहर सैकड़ों समाजजन एवं मृतक विवाहिता के परिजन एकत्रित हो गये। इसमें महिलाएं भी षामिल हुई थी। करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए विवाहिता की मौत के मामले में पति राजेंद्र सिंह शक्तावत, ससुर रतन सिंह, सास कैलाष कुंवर, ननद सुषीला कुंवर के साथ-साथ प्रेम संबंध रखने वाली औरत के गिरफ्तारी की मांग रखी।

युवा अध्यक्ष अर्जुनसिंह चुंडावत ने कहा कि समाज के ऐसे लोगों को कड़ी से कड़ी सजा होनी चाहिए, बहन-बेटियों को परेषान व मारपीट करके मरने की नौबत आ जाती हैं ऐसे लोगों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही होनी जरूरी है। पति के साथ-साथ परिवार भी बराबर दोशी हैं कि बेटे की हरकतों पर ध्यान नहीं देकर बहु को मरने के लिए छोड़ दिया। इस दौरान महिला नेतृत्व कर रही संभाग प्रभारी बसंत कुंवर ने कहा कि दहेजलोभी व असामाजिक लोगों की वजह से मासूम बेटियों का जान गंवानी पड़ती हैं, अगर आज ऐसे लोगों पर कड़ी कार्यवाही नहीं हुई तो आगे चलकर और दुश्परिणाम देखने को मिलेंगे।

इस दौरान मृतका सुमन कुवर के भाई शैतान सिंह, माता-पिता, करणी सेना के संभाग प्रभारी बसंत कुवर, महिला जिलाध्यक्ष कृष्ण कुवर, ग्रामीण जिला अध्यक्ष हुकुम कुमार, प्रभारी सीमा कुंवर, अभय सिंह, कृष्ण पाल सिंह, भंवर सिंह, भीम सिंह, करण सिंह, ललीत सिंह, अजीत सिंह सहित सैकड़ो कार्यकर्ता एवं समाजजन उपस्थित रहे।

करणी सेना व परिजनों के हंगामें को देखते हुए भीण्डर पुलिस ने मृतका के पति राजेन्द्र सिंह को तुरंत गिरफ्तार कर दिया। हालांकि पुलिस पुछताछ के लिए पहले से थाने में लेकर आ चुकी थी। इसके अलावा अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी पर थानाधिकारी पुनाराम गुर्जर ने कहा कि मामले की जांच करके 7 दिन के अंदर जिस किसी की भी संलिप्पता होगी तो तुरंत गिरफ्तार किया जायेगा। हंगामें को देखते हुए भीण्डर पुलिस ने कानोड़ व वल्लभनगर थाने से जाप्ता भी मंगवाया।

कलेक्टर ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया निरीक्षण



छोटी सरवन क्षेत्र के नापला और डेरी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का आकस्मिक निरीक्षण कर निर्देष देते जिला कलक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव।

बांसवाड़ा, (निसं)। जिले को एनीमिया मुक्त बनाने के लक्ष्य की दिशा में जिला कलक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव ने छोटी सरवन क्षेत्र के नापला और डेरी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद स्वास्थ्यकर्मियों, आशा सहयोगिनियों, एएनएम और सीएचओ से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी स्थिति की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी सुनील कुमार पीपलीवाल, आरसीएचओ डॉ. दिनेश कुमार भाबोर, बीसीएमओ डॉ. मुकेश मईडा, आईईसी सीओ अमित शाह रहे। मंगलवार को जिला कलक्टर डॉ. यादव ने नापला आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने उन गर्भवती महिलाओं की सूची तैयार करवाई जिनका हिमोग्लोबिन स्तर 10 ग्राम-डीएल से कम है। उन्होंने निर्देश दिए कि इन महिलाओं को संस्थान बुलाकर रक्त सैंपल लिए जाएं और सीएचसी स्तर पर पुनः जांच करवाई जाए। इसके साथ ही उन्होंने पीसीटीएस एप में की गई एंट्री और रजिस्टर के मिलान की भी समीक्षा की। इस मौक पर नापला की आशा कार्यकर्ता पार्वती निनामा ने एप के माध्यम से अपने कार्यों की जानकारी दी, जिला कलक्टर ने पीसीटीएस एप की बारिकियों को बताया और समझाते हुए उसके फायदों को भी लाइव दिखाया। उन्होंने प्रोत्साहन राशि की जानकारी के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सीएचओ मनोज डिंडोर और एएनएम गीता राजोरिया भी उपस्थित रहीं।

जिला कलक्टर ने डेरी केंद्र पर पहुचें और वहा स्वास्थ्य सेवाओं के अच्छे संचालन पर टीम की सराहना की। मौके पर की रिपोर्ट के अनुसार केवल एक गर्भवती महिला का ही हिमोग्लोबिन कम पाया गया, जबकि शेष 78 एएनसी का स्तर संतोषजनक था। उन्होंने नियमित जांच और सतत फॉलोअप करने पर जोर दिया। इस मौके पर स्थानीय स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा पानी की समस्या बताए जाने पर कलेक्टर ने मौके से ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि योग्य दंपतियों का प्रारंभिक चरण में ही हिमोग्लोबिन जांच करवाई जाए ताकि गर्भावस्था से पूर्व ही एनीमिया नियंत्रण पर कार्य किया जा सके। इस दौरान सीएचओ प्रियंका सुथार, शकुंतला, विमला, मणि एवं एएनएम पुष्पा उपस्थित रहीं।जपाइगो के जिला अधिकारी लोकेश शर्मा भी मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने जिला कलेक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव को बीपी, एचबी और वेट मषीन को पीसीटीएस से ब्लूटूथ द्वारा कनेक्ट की प्रक्रिया को दिखाया।

सार-समाचार

विश्व अस्थमा दिवस पर वर्कशॉप

उदयपुर, (कासं)। विश्व अस्थमा दिवस के अवसर पर पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के वक्ष एवं क्षय रोग विभाग की ओर से विशेष जागरूकता वर्कशॉप का आयोजन किया गया। विश्व अस्थमा दिवस हर साल मई महीने के पहले मंगलवार को मनाया जाता है। इस वर्ष की था' मेक इनहेल्ड ट्रीटमेंट्स एक्सेसिबल फॉर ऑल' रखी गई है। वर्कशॉप का उद्घाटन पीएमसीएच के प्रिंसिपल डॉ.यू.एस.परिहार, वक्ष एवं क्षय रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सी. एस.प ुरोहित, डॉ.अतुल लुहाडिया, डॉ.सुनील कुमार, डॉ.दीपक कालरा, डॉ.मनीष आडवानी एवं डॉ.ज्योति कुमारी ने । वर्कशॉप के दौरान डॉ.सी.एस.पुरोहित ने कहा कि अस्थमा एक पुरानी सांस की बीमारी है, जिससे दुनियाभर में करोड़ों लोग प्रभावित हैं। भारत में लगभग 3.5 करोड़ लोग अस्थमा से पीड़ित हैं, जिनमें से एक बड़ी संख्या बच्चों और बुजुर्गों की है। विशेषज्ञों के अनुसार, प्रदूषण, धूल, धूम्रपान और जीवनशैली संबंधी कारणों से अस्थमा के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। डॉ.पुरोहित ने कहा कि वर्कशॉप का उद्देश्य आमजन और चिकित्सा विद्यार्थियों को अस्थमा की गंभीरता, इसके लक्षण, रोकथाम और उपचार के आधुनिक तरीकों के प्रति जागरूक करना है। वर्कशॉप के दौरान वक्ष एवं क्षय रोग विशेषज्ञ डॉ.सुनील कुमार ने ब्रोन्कियल अस्थमा डायग्नोसिस के बारे में बताते हुए अस्थमा रोग में स्पाइरोमेट्री एवं लक्षण आधारित जॉच की महत्ता के बारे में चर्चा की।

चिकित्सा संस्थानों का किया निरीक्षण

राजसमंद, (निसं)। हीट वेव एवं मौसमी बीमारियों से बचाव को लेकर चिकित्सा संस्थानो में की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने तथा आवश्यक सुधार को लेकर राज्य परियोजना निदेशक मातृ स्वास्थ्य डॉ तरूण चौधरी 5 दिवसीय दौरे पर राजसमंद पहुंचे तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जस्साखेडा, बग्गड व बरार का निरीक्षण किया तथा चिकित्सा अधिकारी प्रभारीयों एवं स्टॉफ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा संस्थानो में जांच, उपचार एवं छाया पानी के माकूल इंतजाम, संस्थान में आवश्यक दवाइंयो एवं उपकरणो की उपलब्धता, संस्थानों में वाटर कुलर, पंखे, कूलर की क्रियाशीलता, संस्थानों में हीट वेव व मौसमी बीमारियों के मरीजों के लिए आवश्यकता अनुसार बेड्स की उपलब्धता की भी समीक्षा की। वें यहां जिला चिकित्सालयों के साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो एवं अन्य चिकित्सा संस्थानो का भी निरीक्षण करेंगे तथा आवश्यक होने पर मौके पर ही दिशा-निर्देश प्रदान कर तुरंत व्यवस्थाओं में सुधार करवाएंगे। वे यहां सीएमएचओ डॉ हेमन्त बिन्दल एवं अन्य जिला चिकित्सा स्तरीय विभागीय अधिकारीयों के साथ बैठक कर समीक्षा करेंगे तथा आवश्यक दिशा निर्देश देंगे। जस्साखेडा, बग्गड व बरार में चिकित्सा संस्थानों के निरीक्षण के दौरान वहां भर्ती मरीजो से कुशलक्षेम पूछी तथा परिजनो से संस्थान में मिल रहे उपचार को लेकर फिडबैक लिया।

नाबालिग को भगाने वाला गिरफ्तार

कपासन, (निसं)। पुलिस ने नाबालिग के अपहरण के मामले में 25 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बूंदी जिले के श्रवण मीणा झोपड़ा अलोद निवासी हरिसिंह मीणा के रूप में हुई है। 15 अप्रैल को नाबालिग लड़की के परिजनों ने थाने में लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। डीएसपी हरजीलाल यादव के निर्देशन में थानाधिकारी रतन सिंह की टीम ने जांच शुरू की। तकनीकी जांच में पता चला कि आरोपी लड़की को अपने साथ ले गया था। पुलिस ने आरोपी से नाबालिग को बरामद कर लिया। लड़की को बाल कल्याण समिति के सामने पेश करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी की नाबालिग से इंस्टाग्राम पर चार-पांच महीने पहले दोस्ती हुई थी। आरोपी पर पहले भी दो लड़कियों के साथ इसी तरह की घटनाएं करने का आरोप है। एक मामले में उसके खिलाफ पहले से मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने आरोपी को पोक्सो न्यायालय चित्तौड़गढ़ में पेश किया।

बस की टक्कर से युवक की मौत

देवगढ़, (निसं)। देवगढ़ आमेट रोड़ पर स्वादड़ी गांव के समीप मंगलवार को ट्रावेल्स बस ने बाइक को टक्कर मार दी जिसमें बाइक पर पीछे बैठे युवक की मौके पर ही मौत हो गई एवं चालक घायल हो गया।देवगढ़ पुलिस के अनुसार आमेट से एक ट्रावेल्स बस देवगढ़ की तरफ आ रही थी। स्वादड़ी स्कूल के समीप उसके आगे एक बाइक चल रही थी जिसे ओवरटेक कर आगे निकलने के दौरान बस ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे बाइक नीचे गिर गई। बस की टक्कर से बाइक पर पीछे बैठे युवक मालातो का वास, छापली दिवेर निवासी दीपक सिंह उम्र 19 वर्ष पिता गाजी सिंह रावत की मौके पर ही मौत हो गई वही बाइक चला रहा युवक दयाल सिंह रावत घायल हो गया। सूचना मिलने पर देवगढ़ थाने से पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचा। पुलिस ने मृतक के शव एवं घायल को एंबुलेंस से देवगढ़ सीएचसी पहुंचाया ओर घायल का उपचार किया गया।वही मृतक के शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। देवगढ़ थाने के सहायक उपनिरीक्षक माधु सिंह ने परिजनो की मौजूदगी में मृतक का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों के सुपुर्द किया।

पेयजल समस्या से मंत्री को अवगत कराया

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान एकीकृत प्रदेश मीडिया प्रभारी राव गोपाल सिंह आसोलिया एवं प्रतिनिधि मंडल द्वारा उदयपुर पहुंचे पीएचईडी कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी को क्षेत्र में पेयजल संबंधी समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान सर्किट हाउस में अधीक्षण अभियंता रवींद्र कुमार चौधरी अधिशासी अभियंता अखिलेश शर्मा एवं जलदाय विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी नेता उपस्थित थे। मंत्री ने आश्वासन दिया कि क्षेत्र में पेयजल संबंधी किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या नहीं रहेगी एवं सरकार इस पर संवेदनशील रूप से कार्य कर रही है। नाकोड़ा नगर क्षेत्र में शीघ्र ही पेयजल सप्लाई शुरू कर दी जाएगी लेकिन उसके बावजूद भी आज भी लोग पानी के टैंकर खरीद कर जीवन यापन कर रहे हैं एवं पेयजल सप्लाई शुरू नहीं की गई है।

276 किलो थैलियां जब्त

उदयपुर, (कासं)। प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ नगर निगम द्वारा लगातार दूसरे दिन बडी कार्रवाई को अंजाम दिया है। नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश के निर्देश पर स्वास्थ्य शाखा की टीम द्वारा शहर के सभी प्रमुख स्थानों पर औचक कार्यवाही कर भारी मात्रा में सिंगल यूज प्रतिबंधित प्लास्टिक को जब्त किया है।सोमवार की तरह मंगलवार को भी नगर निगम द्वारा बडी कार्रवाई करते हुए 276.90 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक की थैलियां जब्त की गई। निगम की स्वास्थ्य शाखा द्वारा किए गए औचक निरीक्षण में शहर के कई क्षेत्रो से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग होते पाया गया जिस पर तुरंत कार्यवाही को अंजाम दिया गया।

खैर की लकड़ी से भरी पिकअप जब्त

उदयपुर, (कासं)। कानोड थानाधिकारी पुलिस ने अवैध रूप से परिवहन कर ले जाई जा रही खैर की लकडी से भरी 2 पिकअप को जब्त किया है। थानाधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि पुलिस टीम ने नाकाबंदी के दौरान दो पिकअप को अवैध खैर की गीली लकडी सहित जब्त किया।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांक : F. 7(12) PLAN/LANDUSE/2024-25/751 Date 6.5.2025

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा गुलाब कोठारी बनाम राजस्थान सरकार एवं अन्य सिविल रिट संख्या 1554/2004 में माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर के द्वारा पारित निर्णय के क्रम में सरकार के विभागीय आदेश दिनांक 20.07.2017 के अनुसार एवं राज्य सरकार के द्वारा समय-समय पर वृहद/व्यापक जनहित के दृष्टिगत मास्टर प्लान में भू-उपयोग परिवर्तन अनुज्ञाये किये जाने के संबंध में प्रदत्त आदेशों/परिपत्रों की अनुपालना में निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है:-

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम/	खसरा संख्या / ब्लॉक	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल	भूखण्ड/भूमि की स्थिति	भू-उपयोग परिवर्तन
1	श्री तोलाराम लालवानी पिता स्व. श्री गोवर्धन लाल दास लालवानी	शोभाग पुरा	1169, 1170	08	965.15 वर्गफीट	शोभागपुरा चौराहे से न्यू आर.टी.ओ. ऑफिस जाने वाली 100 फीट सड़क पर एल. जेड. कॉफी की तरफ स्थित है।	आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्न हस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर